(274)

भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण /FISHERY SURVEY OF INDIA
न्यू फिशिंग हार्बर, ससुन गोदी, कुलाबा/NEW FISHING HARBOUR, SASSOON DOCK, COLABA
मुम्बई /MUMBAI-400 005

F.N./पत्र सं.:- 22-2/2013 हिन्दी

Date/ दिनांक: 23.11.2017

सेवा में,

निदेशक (राजभाषा)
भारत सरकार,
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय,
पशुपालन, डेयरी एवं मात्स्यिकी विभाग,
कृषि भवन, कमरा नं- 557, नई दिल्ली-110 001.

विषयः राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 17.11.2017 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त ।

महोदय,

मैं, इस कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 17.11.2017 को हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज रहा हूँ ।

भवदीय

श्रीमती
23/11/17
(एम.के.श्रीमती)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपिः

उप महानिदेशक, राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय, केन्दीय सदन, छठी मंजिल, सी-विंग 601, सेक्टर 10, सी.बी.डी. बेलापूर, नवी मुम्बई ।

महानिदेशक के आशुलिपिक ग्रेड-। / स्थापना-।, ।।, ।।। /जी.सी. अनुभाग/मात्स्यिकी अनुभाग-।/ योजना एंव विकास अनुभाग/ लेखा अनुभाग/ कम्प्यूटर अनुभाग/ सांख्यिकी अनुभाग

का.पु.
22/11/2017

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में 17.11.2017 को संपन्न तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त.

**निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एम. के. फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) | - | अध्यक्ष |
| 2. | श्री रमनमूर्ति, तंत्र विश्लेषक | - | सदस्य |
| 3. | डॉ. एम. विनोदकुमार, व. मात्स्यिकी वैज्ञानक | - | सदस्य |
| 4. | डॉ. अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक | - | सदस्य |
| 5. | श्रीमती एम के श्रीमती, व. प्रशासनिक अधिकारी | - | सदस्य |
| 6. | श्री सी. एच. भास्कर, प्रोग्रामर | - | सदस्य |
| 7. | श्री बापू एम राऊत, प्रोग्रामर एवं डीडीओ | - | सदस्य |
| 8. | श्री ए वी के जोगी राजू, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 9. | श्री गोपाल वा. थुले, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 10. | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक | - | सदस्य/संयोजक |

श्री महेश कुमार फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में तिमाही बैठक दोपहर 3.30 बजे शुरु हुई । उन्होनें बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया । अध्यक्ष महोदय ने 30.09.2017 को समाप्त तिमाही की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा निम्नानुसार की ।

## दिनांक 30.09.2017 को समाप्त तिमाही की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा

उक्त तिमाही की सभी अनुभागों से प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने पर यह पाया गया है कि सभी अनुभागों से धारा 3 (3) के अंतर्गत सभी कामज़ात व्दिभाषी में जारी किए गए । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि कार्यालय में धारा 3 (3) का उल्लंघन नहीं होना चाहिए । हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जाने है । लेकिन स्थापना- I, II एवं III से इसका उल्लंघन हुआ है । इसका उत्तर अंग्रेजी में दिए गए है । इस मुद्दे पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि उल्लंघन करने वाले अनुभाग से कौन सा पत्र अंग्रेजी में भेजा गया इसका पता लगाएं । 'क' एवं 'ख' क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जाने है । इस कॉलम में सभी अनुभाग ने सही आँकड़े नहीं दिए है । इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया है कि 'क' एवं 'ख' क्षेत्र को भेजे जाने वाले छोटे छाटे अग्रेषण पत्रों को अनिवार्य रुप से हिन्दी/व्दिभाषी ही भेजा जाए । हिंदी पत्राचार का प्रतिशत पिछले प्रतिशत की तुलना में 'क' क्षेत्र में 2%बढा है । 'ख' क्षेत्र में 8% बढ़ा हैं । 'ग' क्षेत्र में 1% कम है । 'ग' क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर चुका है ।

सभी अनुभागों की रिपोर्ट की क्षेत्रवार समीक्षा करने पर 'क' क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत योजना एवं विकास अनुभाग का 38% है और लेखा अनुभाग का 42% हैं । 'ख' क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत लेखा अनुभाग का 12% है, योजना एवं विकास अनुभाग का 29% हैं । 'ग' क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत लेखा अनुभाग का 16% है, योजना एवं विकास अनुभाग का 33% है अध्यक्ष महोदय ने उक्त अनुभागों को हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने को कहा। टिप्पणी लेखन में हमारा प्रतिशत 56% हैं । पिछली तिमाही की तुलना में इस तिमाही में 2% कम हुआ है । अनुभागवार टिप्पणी लेखन की समीक्षा करने पर टिप्पणी लेखन में सब से कम प्रतिशत लेखा अनुभाग का 32% हैं । सदस्य संयोजक ने कहा कि तिमाही प्रगति रिपोर्ट सभी अनुभागों से समय पर नहीं मिलने के कारण रिपोर्ट भेजने में देरी हो रही है । अतः समिति के एक सदस्य ने सुझाव दिया कि तिमाही समाप्त होने के 15 दिन पूर्व ही सभी अनुभागों से रिपोर्ट मंगाने हेतु एक टिप्पणी जारी की जाए ।

### पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई ।

1. **डिस्प्ले बोर्ड को अद्यतन करने हेतु कार्रवाई की जाए ।**
   पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय ने आर्यन-ई-सॉफ्ट कंपनी, नई दिल्ली से नेनो बोर्ड की कीमत माँगते हुए पार्टी को पत्र लिखने का सुझाव दिया था । उक्त पार्टी से कोटेशन मँगाया है । अतः समिति ने इसे खरीदने का निर्णय लिया है ।

   **(कार्रवाईः हिन्दी कक्ष)**

2. **हिंदी दिवस एवं पखवाड़ा का आयोजन किया जाए ।**
   यह कार्य हो गया है ।

3. **मत्स्य किरण का अंक-7 के प्रकाशनार्थ कार्रवाई की जाए ।**
   'मत्स्य किरण' का सातवाँ अंक का प्रकाशनार्थ सामग्रियाँ एकत्रित की है और इसका संपादन कार्य बाकी है । इसके प्रकाशनार्थ समिति ने सुझाव दिया कि संपादक मंडल में श्री आशीष कुमार, प्रोग्रामर को शामिल किया जाए ।

   **(कार्रवाईः हिंदी कक्ष)**

71

4. **वेबसाइट हिंदी में भी अपडेट किया जाए ।**
यह काम जारी है और अध्यक्ष महोदय ने कहा कि नया साल आने से पूर्व वेबसाइट को व्दिभाषी में अपडेट किया जाना है ।

(कार्रवाईः कम्प्यूटर कक्ष)

5 **कार्यालय के सभी नामपट्ट, सूचनापट्ट आदि व्दिभाषी बनाया जाए ।**
कार्यालय का नामपट्ट अभी तक नहीं बनाया है । अध्यक्ष महोदय ने इस पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा ।

(कार्रवाईः जी. सी. अनुभाग)

**राजभाषा के प्रभावपूर्ण कार्यान्वयन के लिए सुझाव**

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति में श्री राजेंद्र डोकरे, यांत्रिक पर्यवेक्षक को सदस्य के रुप में सम्मिलित किया जाए

(कार्रवाईः हिंदी कक्ष)

2. हिंदी पुस्तकालय के लिए नई हिंदी पुस्तकें खरीदी जाए ।

(कार्रवाईः हिन्दी कक्ष)

3. हिंदी पुस्तकालय का प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाए ।

(कार्रवाईः हिन्दी कक्ष)

4. अगले सत्र में हिंदी 'पारंगत' एवं हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षणार्थ कर्मचारियों को नामांकित किया जाए ।

(कार्रवाईः हिंदी कक्ष)

5. तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार करते समय 'क' 'ख' 'ग' क्षेत्र के आधार पर सही रिकार्ड रखने के लिए सभी अनुभागों को रजिस्टर दिया जाए ।

(कार्रवाईः जी.सी. एवं हिंदी कक्ष)

श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सायं 4.30 बजे संपन्न हुई ।

# दिनांक 17.11.2017 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं सदस्यों की सूची

*******

| क्र. सं. | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | श्री एम. के. फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) | |
| 2. | श्री रमनमूर्ति, तंत्र विश्लेषक | |
| 3. | डॉ. एम विनोदकुमार, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक | |
| 4. | श्री पी. चलपति राव, सांख्यिकीविद् | |
| 5. | डॉ. अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक | |
| 6. | श्रीमती एम के श्रीमती, व. प्रशासनिक अधिकारी | |
| 7. | श्री सी. एच. भास्कर, प्रोग्रामर | |
| 8. | श्री बापू एम राऊत, प्रोग्रामर एवं डी.डी.ओ | |
| 9. | श्री ए वी के जोगी राजू, कार्यालय अधीक्षक | |
| 10. | श्री गोपाल वा. थुले, कार्यालय अधीक्षक | |
| 11. | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक | |